
# SUPER 30 SERIES

## बैठक व्यवस्था
## [Sitting Arrangement]






- वृत्त पर आधारित → केन्द्र की ओर, केन्द्र से विपरीत
- पंक्ति पर आधारित → उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम
- वर्गाकार
- षटभुजाकार
- पंचभुजाकार


(1). छः विद्यार्थी एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। राजेश, रमेश के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। रमेश, सुरेश के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। निमेश, जयेश के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। परेश, राजेश के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। जयेश, राजेश और परेश के ठीक बगल में है। रमेश और परेश के बीच में कौन बैठा है?

⇒ निमेश





(2). छः व्यक्ति J, K, L, M, N और O एक वृत्ताकार मेज के परितः केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। J, N के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। O, M और J के ठीक बगल में बैठा है। K, L के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। O के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

⇒ M





(3). छः विद्यार्थी एक वृत्ताकार मेज के परितः केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। जितेन्द्र, शाहिद और जया दोनों के ठीक बगल में हैं। कोमल, शाहिद के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। तरुण, जया के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। विजय, कोमल और जया दोनों के ठीक बगल में है। जितेन्द्र और तरुण के ठीक बगल में कौन बैठा/बैठी है?

⇒ शाहिद




(4). छः लड़कियाँ – D, K, M, P, R और S एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठी हैं। S, R के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। P, R के दाईं ओर ठीक बगल में और D के बाईं ओर ठीक बगल में बैठी है। M, R के बाईं ओर ठीक बगल में बैठी है। D के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठी है–


⇒ M




और → पहले


(5). छः मित्र एक वृत्ताकार स्थिति में बैठे हैं। इन सभी का मुख वृत्त के केन्द्र की ओर है। पलक, कुमुद के ठीक बगल में बैठी है। झलक, महक के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। राहत, झलक के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। कुमुद, चहक के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। राहत के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा/बैठी है?

⇒ कुमुद





(6). सात लड़कियाँ-रीता, गीता, मीता, अनीता, बिनीता और सुनीता एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केन्द्र की ओर मुख करके बैठी हुई है। रीता और गीता एक-दूसरे के ठीक बगल में नहीं बैठी है। सुनीता, बिनीता और मीता के बीच में बैठी है। मीता, रीता के बाईं ओर ठीक बगल में बैठी है। सीता, अनीता और गीता के बीच में बैठी है। अनीता के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

⇒ रीता




(7). आठ मित्र P, Q, R, S, T, U, V और W एक गोल मेज के परितः इसके केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P, R और S के बीच में है। T, W के बाईं ओर तीसरे स्थान पर है। Q, S के एकदम बाएँ बगल मे है। T, S के दाईं ओर तीसरे स्थान पर है। V, U और W के बीच मे है। S और W के बीच मे कौन बैठा है?


⇒ Q




(8). अरविंद, कुणाल, निधि, पवन, साहिल, तान्या और सुनीता नाम के आठ व्यक्ति एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केन्द्र की ओर मुँह किए हुए बैठे है। निधि, साहिल के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठी है। कुणाल, पवन के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। तन्मय, पवन के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। सुनीता, तन्मय के बाएँ और अरविंद के दाएँ बगल मे बैठी है। तान्या, अरविंद के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठी है। निधि और


साहिल के बीच में कौन बैठा/बैठी है?

⇒ पवन





(9). आठ मित्र A, B, C, D, E, F, H और G समूह चर्चा के लिए एक गोलाकार मेज के चारों ओर आमने-सामने बैठे हैं। A, F के सामने और E के दाएँ से दूसरा है। B और D आमने-सामने बैठे हैं। G, C और A के बीच में है। H, E के बाएँ ओर है। E के सामने कौन बैठा है?

⇒ C





(10). आठ दोस्त A, B, C, D, E, F, H और G दोपहर के भोजन के लिए एक गोल मेज के चारों ओर एक दूसरे की तरफ मुँह करके बैठे हैं। A, F के सामने है और B के दाएँ तीसरे स्थान पर है। G, F और D के बीच में है H, D के बाएँ ओर है। E, C और A के बीच में है। C के दाएँ तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

⇒ H





(11). पाँच व्यक्ति L, M, N, O और P एक वृत्ताकार मेज के परितः बाहर की ओर मुख करके बैठे हैं। P, L के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। M, P के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। N, P और M के ठीक बगल में बैठा है। L के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

⇒ O




(12). छः मित्र- K, L, M, N, O और P एक वृत्ताकार मेज के परितः केन्द्र के विपरीत दिशा की ओर मुख करके बैठे हैं। M, O के बाईं ओर ठीक बगल में और K के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। K, N के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। L, N के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। P, L और O के बीच में बैठा है। P के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

⇒ L




(13). छः छात्र A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के परितः केन्द्र के विपरीत दिशा की ओर मुख करके बैठे हैं। D, E के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है; जो F के दाईं ओर ठीक बगल मे बैठा है। A, D और C के ठीक बगल में बैठा है। नि० लि० में से कौन- E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है?


⇒ B




और → पहले
जो → बाद


(14). छः दोस्त, प्रिया, अरूण, वंश, रजत, भावना और मंजू एक वृत्ताकार मेज के चारो ओर मेज के केन्द्र की विपरीत दिशा में मुँह करके बैठे हैं। वंश, रजत के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। अरूण और प्रिया रजत के पड़ोसी नहीं है। मंजू, रजत और अरूण के बीच बैठी है। वंश और रजत के बीच में कौन बैठा/बैठी है?

⇒ भावना




(15). छः मित्र अजय, नीतू, सीमा, कविता, मनोज और विजय एक वृत्ताकार मेज के परितः बैठे हैं, उनकी पीठ मेज के केंद्र की ओर है। मनोज, सीमा और नीतू के बीच में बैठा है। अजय, सीमा के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। कविता, नीतू की पड़ोसी नहीं है। सीमा के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा/बैठी है—

⇒ विजय




(16). A, B, C, D, E, F और G सात व्यक्ति, गोल मेज के परितः बाहर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है, लेकिन D के दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B, A के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है, जबकि G और E उनके बीच बैठे हैं। F कहाँ बैठा है?

⇒ C के दाँए




(17). आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G तथा H केन्द्र के विपरीत मुख करके एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द बैठे हुए हैं (जरूरी नहीं कि उनका क्रम यही हो)। B, E का पड़ोसी है तथा A के दायीं ओर चौथे स्थान पर है। E तथा F के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हुए हैं। G तथा H के मध्य केवल तीन व्यक्ति बैठे हुए हैं। B, G का पड़ोसी नहीं है। D, C के बायीं ओर तीसरे स्थान पर है। कौन-कौन A के पड़ोसी हो सकते हैं—

⇒ G तथा D

